हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
मंगलवार, 23 मई 2017, बरेली, [illegible], 20 [illegible] www.livehindustan.com
PAGE NO. 7 : LEFT MIDDLE

एसआरएमएस में कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी

बरेली। एसआरएमएस अस्पताल में दो मूक-बधिर बच्चों की कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी की गई। किसी हादसे में सुनने-बोलने की शक्ति खो चुके मरीजों में यह सर्जरी की जाती है। इस सर्जरी से वह फिर से बोल-सुन सकते हैं। यह अत्याधुनिक इलाज काफी महंगी होने की वजह से अभी देश के कम संस्थानों में ही उपलब्ध है। संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति ने बताया कि श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट प्रतिवर्ष दो गरीब मूक-बधिर बच्चों की कोक्लियर इम्पलांट सर्जरी करा रहा है। इसमें मरीज की सर्जरी और कोक्लियर इम्पलांट का खर्च ट्रस्ट उठाता है। इसके तहत 20 को यह दोनों मरीजों की सर्जरी की गई।